an>

Title:Regarding public money spend by the Delhi government on advertisement.

श्री रमेश बिधूड़ी (दक्षिण दिल्ली) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं दिल्ली की गंभीर समस्या के बारे में बोलना चाहता हूँ। ...(व्यवधान) महोदय, दिल्ली के अंदर, दिल्ली की जनता के लिए जो पैसा दिल्ली के वैलफेयर के लिए खर्च होना था, एक मुख्यमंत्री ने अपनी महिमामंडन के लिए 526 करोड़ रूपये का वह फंड मात्र एडवर्टाइज़मेंट के नाम से बर्बाद किया जा रहा है। ...(व्यवधान) वह जो एडवर्टाइज़मेंट की जा रही है, वह भी झूठी हैं। ...(व्यवधान) उनमें हाई कोर्ट ने भी संज्ञान लिया है और रिपोर्ट मांगी है। ...(व्यवधान) लेकिन मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से निवेदन करना चाहता हूँ कि दिल्ली देश की राजधानी है, एनसीटी है, केंद्र सरकार का वहां पर पूरा अधिकार होना चाहिए। ...(व्यवधान) लेकिन वे इस प्रकार के होर्डिंग लगार कर कि वे हमें परेशान करते रहे और हम काम करते रहे, ब्लैकमेलिंग करने का काम कर रहे हैं। दिल्ली के अंदर एजुकेशन को लेकर जो फंड बढ़ाया गया है, वह डेढ़ गुना बढ़ाया गया है। ...(व्यवधान) जो पहला फंड था, ट्रेनिंग हैड का वह 2200 करोड़ रूपये था। ...(व्यवधान) अब जो बढ़ाया गया है, वह 4500 करोड़ रूपये तो बढ़ाया है, लेकिन नॉन प्लानिंग का फंड खत्म कर दिया गया है। ...(व्यवधान) पहले सन् 2013-14 में यह फंड 6600 करोड़ रूपये था और अब बढ़ा कर वह 9800 करोड़ रूपये किया गया है। ...(व्यवधान) वह डेढ़ गुना भी नहीं बनता है, लेकिन दिल्ली की सड़कों पर उस जनता के खून-पसीने के पैसे को जो टैक्स के माध्यम से जनता विकास के लिए सरकार को देती है, वह मुख्य मंत्री उसका दुरूपयोग कर रहे हैं। ...(व्यवधान) इसी प्रकार से वे अपना महिमामंडन करने के लिए एक एडवर्टाइज़मेंट चला रहे हैं। ...(व्यवधान) एक महिला की हत्या दिल्ली के अंदर हो जाती है। ...(व्यवधान) जब दिल्ली के अंदर मुख्य मंत्री कोई और होती है, वे लाचार बताते हैं। ...(व्यवधान) लेकिन आज एक महिला की हत्या होने पर टैलिविजिन और रेडियों में दिल्ली पुलिस के खिलाफ एडवर्टाइज़मेंट देते हैं। ...(व्यवधान) जबकि उनकी आँखों के सामने एक गजेंद्र चौहान नाम का किसान 20 मीटर की दूरी पर आत्महत्या करता रहा और इनके अंदर संवेदनशीलता नज़र नहीं आई। मुख्य मंत्री की पूरी टीम के सामने एक निर्दोÂ◌ा व्यक्ति मारा गया और वह मुख्य मंत्री आज उस एडवर्टाइज़मेंट के माध्यम से दिल्ली की जनता के पैसे को अपने महिमामंडन में लगा रहा है। ...(व्यवधान) मेरा निवेदन है कि केंद्र सरकार इस पर संज्ञान ले। ...(व्यवधान)

माननीय उपाध्यक्ष :

श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री रमेश बिधूड़ी द्वारा उठाए गए विÂ◌ाय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

...(व्यवधान)